कोटद्वार, शनिवार
20 दिसम्बर 2025
वर्षः 48
अंकः 212 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### शादी से इन्कार करने पर युवती की अश्लील तस्वीरें वायरल की

हरिद्वार। शादी से इनकार करने पर देवबंद के युवक ने पीड़िता की अश्लील तस्वीरें वायरल कर डालीं। आरोपी शादी के लिए लगातार दबाव बना रहा था। ऐसा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी भी दे रहा था। इस मामले में पीड़िता की शिकायत पर नगर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह सहारनपुर के देवबंद निवासी अक्षय सिंह के संपर्क मे आई थी। इसके बाद दोनों के बीच फोन पर बातचीत शुरू हुई। आरोपी ने इस बातचीत का गलत फायदा उठाकर युवती को मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। जब परिजनों ने युवती की शादी कहीं और तय की तो आरोपी ने धमकाया कि वह उसके अलावा किसी और से शादी नहीं कर सकती। आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर कहा कि यदि दूसरी जगह शादी की तो अंजाम भुगतना पड़ेगा। बात नहीं मानने पर आरोपी ने उसकी अश्लील तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल कीं, जिससे उसकी सामाजिक छवि को नुकसान पहुंचा। जब इस बाबत आरोपी के परिजनों से बात की तो उन्होंने आरोपी का ही समर्थन किया। इधर, कोतवाली प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### कार में की तोड़फोड़

हल्द्वानी। कोटाबाग के ग्राम पतलिया गाजा में शुक्रवार दोपहर एक कार पर फायरिंग की सूचना से हड़कंप मच गया। सोशल मीडिया में यह खबर आग की तरह फैल गई। हालांकि पुलिस फायरिंग की घटना से इनकार कर रही है। पुलिस ने मामले में क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। मामला रुपयों के लेनदेन का बताया जा रहा है। एसएसआई पंकज जोशी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर पुलिस को पतलिया गाजा में खड़ी हुंडई कार पर फायरिंग की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया। मौके से 12 बोर के एक कारतूस का खोखा मिला। फॉरेंसिक टीम की जांच में खोखा पुराना निकला। पुलिस के अनुसार, प्रथमदृष्टया फायरिंग जैसी कोई घटना नहीं हुई। कार को ईट, पत्थर से क्षतिग्रस्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जांच में सामने आया है कि कोटाबाग निवासी दयाल बिष्ट का रामनगर निवासी एक व्यक्ति से रुपयों का लेनदेन है। शुक्रवार को ये दोनों लोग साथ ही थे। लेनदेन के मामले को लेकर रामनगर के व्यक्ति ने दयाल की कार में तोड़फोड़ कर दी। उन्होंने बताया कि क्षतिग्रस्त कार और आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### पूर्व सैनिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

बागेश्वर। जनपद के चौगांवछीना में एक पूर्व सैनिक का शव उनके कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। वह अकेले रहते थे। रात सोने से पहले कमरे में उन्होंने आग भी जलाई थी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। 59 वर्षीय पूर्व फौजी जीत सिंह रावत पुत्र बालम सिंह रावत, निवासी चौगांवछीना की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गुरुवार शाम मृतक के पुत्र उन्हें बार–बार फोन कर रहे थे, लेकिन उनका फोन नहीं उठा। उन्होंने अपने चचेरे भाई ईश्वर सिंह को फोन कर पिता की स्थिति देखने को कहा। ईश्वर सिंह जब घर पहुंचे तो अंदर से दरवाजा बंद मिला। खिड़की से झांकने पर देखा कि जीत सिंह रावत जमीन पर गिरे पड़े हैं। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर अंदर गई, जहां वह मृत अवस्था में पाए गए। शव को जिला अस्पताल बागेश्वर लाया गया और पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रख दिया गया है। बताया जा रहा है कि जीत सिंह रावत ने सोते समय कमरे में आग जलाई हुई थी, जिससे दम घुटने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। मृतक के दो बेटे हैं, जिनमें एक नेवी में दूसरा दूसरा आर्मी में कार्यरत है। उनकी बहू मंडलसेरा पीपलचौक में रहती हैं। परिजनों के अनुसार दोनों बेटों के पहुंचने के बाद ही पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कराई जाएगी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## संसद से शांति विधेयक का पारित होना एक महत्वपूर्ण व परिवर्तनकारी क्षण : मोदी



नई दिल्ली ,संसद का शीतकालीन सत्र जारी है। राज्यसभा से पारित होने के साथ ही परमाणु ऊर्जा से जुड़ा द सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया बिल 2025, यानी शांति विधेयक, 2025, दोनों सदनों से पास हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शांति विधेयक के पारित होने पर खुशी जताई है। बता दें कि विधेयक बुधवार को संसद के निचले सदन लोकसभा से पास हो चुका है। इसके बाद अब यह विधेयक राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद पूर्ण रूप से कानून का रूप ले लेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि संसद के दोनों सदनों द्वारा शांति विधेयक का पारित होना हमारे प्रौद्योगिकी परिदृश्य के लिए एक महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी क्षण है। इसके पारित होने में सहयोग देने वाले सांसदों के प्रति मेरी कृतज्ञता। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को सुरक्षित रूप से संचालित करने से लेकर हरित विनिर्माण को सक्षम बनाने तक, यह विधेयक देश और विश्व के स्वच्छ ऊर्जा भविष्य को निर्णायक गति प्रदान करता है। यह निजी क्षेत्र और हमारे युवाओं के लिए भी अनेक अवसर खोलता है। भारत में निवेश करने, नवाचार करने और विकास करने का यह सबसे उपयुक्त समय है। इससे पहले केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को संसद में बताया कि यह विधेयक निजी क्षेत्र की कंपनियों के लिए परमाणु उद्योग के द्वार खोलने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिसका उद्देश्य 2047 तक देश को 100 गीगावाट (जीडब्ल्यू) परमाणु ऊर्जा क्षमता हासिल करने में मदद करना है।

विधेयक भारत की वर्तमान और भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं के अनुरूप एक व्यापक कानून लाने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि विधेयक भारत के दीर्घकालिक ऊर्जा और जलवायु लक्ष्यों से गहराई से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि 2070 तक कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए देश के रोडमैप की रूपरेखा दी गई है। इन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए, विधेयक स्वदेशी परमाणु संसाधनों का अधिक से अधिक उपयोग करने और सार्वजनिक एवं निजी दोनों क्षेत्रों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल देता है, साथ ही भारत को वैश्विक परमाणु ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र में एक योगदानकर्ता के रूप में स्थापित करता है।

यह विधेयक स्वास्थ्य सेवा, खाद्य एवं कृषि, उद्योग और अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में परमाणु और विकिरण प्रौद्योगिकियों के उपयोग को विनियमित करने का प्रयास करता है, जबकि अनुसंधान, विकास और नवाचार गतिविधियों को लाइसेंसिंग आवश्यकताओं से छूट देता है।

### सोलर प्लांट में पानी का टैंक फटने से 3 मजदूरों की मौत, 8 से ज्यादा घायल; मची चीख–पुकार

नागपुर ,महाराष्ट्र के नागपुर में शुक्रवार की सुबह एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है, जिसने औद्योगिक क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है। नागपुर के बुटीबोरी एमआईडीसी फेज–2 स्थित अवाडा सोलर प्लांट में एक विशाल पानी का टैंक अचानक फट गया। पानी के इस सैलाब और मलबे की चपेट में वहां काम कर रहे कई मजदूर आ गए। यह हादसा इतना भयानक था कि 3 मजदूरों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 8 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। टैंक फटने से प्लांट परिसर में अफरा–तफरी मच गई और चारों तरफ चीख–पुकार शुरू हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, दमकल विभाग और आपातकालीन सेवाओं की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं और राहत–बचाव कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया गया। बचाव दलों ने मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला और घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है।

## बांग्लादेश में कट्टरपंथियों ने की नृशंसता की हद पार, हिंदू युवक की हत्या कर शव को जलाया



ढाका , बांग्लादेश में जैसे–जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, हालात दयनीय होते जा रहे हैं। हिंसा और अराजकता की स्थिति चरमसीमा पार कर चुकी है। हत्या और आगजनी की घटनाएं देखने को मिल रही हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा में भी इजाफा हुआ है। मयमनसिंह जिले के भालुका उपजिला में भीड़ ने एक हिंदू युवक की हत्या कर दी। स्थानीय मीडिया के अनुसार युवक पर इस्लाम का अपमान करने का आरोप था। इससे भी भयावह यह है कि युवक की हत्या के बाद उसके शव को आग लगा दी गई। इस घटना के बाद से इलाके में तनाव बढ़ गया। इसकी वजह से ढाका–मैमनसिंह हाईवे पर कुछ देर के लिए ट्रैफिक रोक दिया गया। यह हिंसा गुरुवार रात को उपजिला के स्क्वायर मास्टरबाड़ी इलाके में पायनियर निट कम्पोजिट फैक्ट्री में हुई।

मरने वाले हिंदू युवक की पहचान दीपू चंद्र दास (30) के तौर पर हुई है। दीपू फैक्ट्री में काम करता था और मैमनसिंह के तारकंडा उपजिला का रहने वाला था। स्थानीय सूत्रों के हवाले से, बांग्लादेशी बंगाली मीडिया आउटलेट बार्टा बाजार ने बताया कि दीपू पर वर्ल्ड अरेबिक लैंग्वेज डे पर फैक्ट्री में हुए एक इवेंट के दौरान इस्लाम और पैगंबर मुहम्मद के बारे में गलत कमेंट करने का आरोप था। गुस्साई भीड़ ने उसे पीटा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

रिपोर्ट्स के अनुसार, युवक की मौत के बाद हालात और खराब हो गए। भीड़ शव को स्क्वायर मास्टरबाड़ी बस स्टैंड इलाके में ले गई, उसे रस्सी से एक पेड़ से बांध दिया और नारे लगाते हुए उसमें आग लगा दी। हिंसा और कट्टरपंथ की ये कहानी यहीं खत्म नहीं हुई।

मानवता को शर्मसार करने वाली इस घटना में भीड़ ने शव को ढाका–मैमनसिंह हाईवे पर ले जाकर फिर से उसमें आग लगा दी, जिससे ट्रैफिक में रुकावट आई और स्थानीय लोगों में डर फैल गया।

भालुका उपजिला के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर मोहम्मद फिरोज हुसैन ने कहा कि पैगंबर का अपमान करने के आरोप में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई।

बांग्लादेश के पूर्व मंत्री और अवामी लीग के नेता मोहम्मद अली अराफात ने इस घटना की कड़ी निंदा की और कहा कि अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बांग्लादेश लगातार बड़े पैमाने पर कट्टरपंथ की ओर बढ़ रहा है।

## मुख्यमंत्री ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विकासखंडों और जिलों को किया सम्मानित

### आकांक्षी कार्यक्रम के अंतर्गत ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार, गदरपुर, मोरी और स्याल्दे को किया पुरुस्कृत

**जयन्त प्रतिनिधि।**



देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्य सेवक सदन, देहरादून में सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र एवं पदकों से आकांक्षी जनपद कार्यक्रम एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिलों एवं विकासखंडों को सम्मानित किया।

नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जनपद कार्यक्रम के अंतर्गत तय मानकों की पूर्णता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए उत्तराखंड के जनपद ऊधमसिंह नगर एवं हरिद्वार को पुरुस्कृत किया गया एवं आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम के अंतर्गत उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त करने वाले गदरपुर, मोरी और स्याल्दे विकासखंडों को पुरुस्कृत किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि, इंफ्रास्ट्रक्चर, सामाजिक विकास एवं वित्तीय समावेशन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अभूतपूर्व सुधार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि इस योजना के अंतर्गत नीति आयोग द्वारा जारी आकांक्षी जनपदों की रैंकिंग में हरिद्वार जनपद को वर्ष 2022 में देश में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं विकासखंडो की श्रेणी में गदरपुर, मोरी और स्याल्दे सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य में स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक जनपद, दो उत्पाद, हाउस ऑफ हिमालयाज, स्टेट मिलेट मिशन, फार्म मशीनरी बैंक, एप्पल मिशन, नई पर्यटन नीति, नई फिल्म नीति, होम स्टे, वेड इन उत्तराखंड और सौर स्वरोजगार योजना जैसी योजनाएं संचालित हैं। उन्होंने कहा हाउस ऑफ हिमालयाज के माध्यम से पारंपरिक उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पहचान दिलाने का काम किया जा रहा है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजान दास, विधायक उमेश शर्मा काऊ विधायक श्रीमती सविता कपूर, प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव डॉ. श्रीधर बाबू अदांकी, डायरेक्टर डॉ. मनोज पंत अन्य लोग मौजूद रहे।

112 जनपदों में से हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले का हुआ था चयन

गौरतलब है कि नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2018 में आकांक्षी जनपद कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया था। कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर के 112 जनपदों में से उत्तराखंड के दो जनपद (हरिद्वार एवं ऊधमसिंह नगर) को आकांक्षी जनपद के रूप में चयनित किया गया था।

### टास्क करने के नाम पर 4.50 लाख की ठगी

काशीपुर। साइबर ठगों ने टास्क करने के नाम पर एक व्यक्ति से 4.50 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मानपुर रोड प्रकाश रेजीडेन्सी निवासी प्रशान्त कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसने ऑनलाइन हार्वे नॉर्मन नाम की कंपनी को जॉइन किया था। कंपनी में टास्क देने की बात कही और पूरा करने के लिए कुछ रकम जमा करानी पड़ती है। इसके बाद उन्हें कुछ मुनाफा मिलता था। विश्वास जीतने के बाद बड़े टास्क देकर जिसके लिए बड़ी रकम ली गई। तब रकम विड्रॉल करने की कोशिश की गई तो उनसे 30 प्रतिशत वेरिफिकेशन के लिए जमा करने को कहा गया। आरोप है कि कंपनी ने टास्क के नाम पर उनसे 4.50 लाख रुपए ठग लिए। एसएसआई केसी आर्या ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## लाइसेंसी पिस्टल से वकील के पुत्र के सिर में लगी गोली, मौत



विकासनगर : कोतवाली विकासनगर अंतर्गत बादामावाला रोड स्थित घर में पिता के लाइसेंसी पिस्टल से संदिग्ध परिस्थितियों में चली गोली पुत्र के सिर में जा लगी। धूलकोट स्थित निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना शुक्रवार शाम की है। मृतक की पहचान 20 वर्षीय अंश गुप्ता पुत्र विवेक गुप्ता के रूप में हुई है। अंश गुप्ता उत्तरांचल यूनिवर्सिटी दून में एलएलबी प्रथम वर्ष का छात्र था। घटना किन परिस्थितियों में हुई पुलिस इसकी जांच कर रही है। अंश गुप्ता के पिता विवेक गुप्ता पेशे से अधिवक्ता और पछवादून बार एसोसिएशन के सदस्य हैं। वह विकासनगर सिविल कोर्ट में प्रेक्टिस करते हैं। घटना के बाद स्वजन गंभीर हालत में अंश गुप्ता को उपचार के लिए उप जिला चिकित्सालय विकासनगर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। स्वजन ने पुलिस को बताया कि एलएलबी के छात्र अंश गुप्ता का आजकल एग्जाम चल रहा था। अंश शुक्रवार को भी इसी सिलसिले में कालेज गया था। अपराह्न करीब दो बजे वह घर लौटा था। इसी बीच शाम को उसे गोली लगने की सूचना पर कोतवाल विनोद गुसाईं मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटना स्थल से साक्ष्य एकत्र किए। वहीं पछवादून बार एसोसिएशन के सचिव नितिन वर्मा ने बताया कि छात्र के पिता विवेक गुप्ता अन्य अधिवक्ताओं के साथ एक अंतिम संस्कार के सिलसिले में शांतिधाम गए थे। विवेक गुप्ता शाम को जैसे ही अपने घर पहुंचे, थोड़ी देर बाद ही उन्होंने अन्य अधिवक्ताओं को फोन कर घटना की सूचना दी। अधिवक्ता के पुत्र की मौत से पछवादून बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं में शोक की लहर है।

### एनआईए कोर्ट ने लश्कर आतंकी के 2 साथियों को ठहराया दोषी

## 8 जनवरी को होगा सजा का ऐलान



नई दिल्ली , दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) अदालत ने देश में आतंकी हमले की साजिश रचने के मामले में दो आरोपियों को दोषी ठहराया है। एनआईए कोर्ट ने जहूर अहमद पीर और नजीर अहमद पीर को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की धारा 18, 19 और 39 के तहत दोषी ठहराया है। जहूर अहमद पीर और नजीर अहमद पीर पर आरोप था कि वे आतंकवादी बहादुर अली को साजिश रचने, पनाह देने और मदद करने में शामिल थे। बहादुर अली हिजबुल कमांडर बुरहान वानी की हत्या के बाद कश्मीर में आंदोलन भड़काने के लिए पाकिस्तान से भारत में घुसपैठ कर आया था। कोर्ट इन दोनों दोषियों की सजा पर 8 जनवरी को फैसला सुनाएगा। एनआईए ने सितंबर 2017 में कुपवाड़ा के रहने वाले नजीर अहमद पीर और जहूर अहमद पीर को गिरफ्तार किया था। बता दें कि एनआईए ने 2017 में दो कश्मीरी लोगों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों की पहचान नजीर अहमद पीर और जहूर अहमद पीर के तौर पर हुई। दोनों जम्मू–कश्मीर के कुपवाड़ा स्थित वहामा के रहने वाले हैं। इन दोनों की गिरफ्तारी आतंकी बहादुर अली के मामले में की गई थी। अदालत इस मामले में 2017 से ही सुनवाई कर रही थी। लगभग आठ साल तक चली सुनवाई के बाद एनआईए की विशेष अदालत ने अपना फैसला सुनाया। सुनवाई के दौरान दोनों आरोपियों पर दोष सिद्ध हुआ। अदालत अब 8 जनवरी को आरोपियों को सजा सुनाएगी। जानकारी के अनुसार, 25 जुलाई 2016 को हंदवाड़ा से लश्कर आतंकी बहादुर अली को अरेस्ट किया गया था। जहूर और नजीर पर बहादुर अली को घुसपैठ में मदद करने के आरोप हैं। इस दौरान बहादुर अली के पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए थे। वहीं, एनआईए ने दिल्ली के लाल किले के पास हुए कार बम धमाके के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह इस मामले में नौवीं गिरफ्तारी है। आरोपी की पहचान जम्मू–कश्मीर के शोपियां निवासी यासिर अहमद डार के रूप में हुई है।एनआईए ने उसे दिल्ली से पकड़ा और पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया, जहां अदालत ने उसे 26 दिसंबर तक एजेंसी की हिरासत में भेज दिया।

### मौत को मात : 200 फीट गहरी खाई में 24 घंटे फंसा रहा ड्राइवर

छिंदवाड़ा ,। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले की सिल्लेवानी घाटी में एक रोंगटे खड़े कर देने वाला हादसा सामने आया है, जहां मक्के से लदा एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर करीब 200 फीट गहरी खाई में जा समाया। इस भयानक दुर्घटना में ट्रक के परखच्चे उड़ गए, लेकिन चमत्कारिक रूप से ड्राइवर की जान बच गई। हालांकि, उसे मौत के साये में करीब 24 घंटे तक ट्रक के मलबे में ही फंसा रहना पड़ा। रविवार सुबह हुए इस हादसे का पता तब चला जब ट्रक मालिक ने जीपीएस ट्रैकिंग के जरिए गाड़ी की लोकेशन तलाशी और उसे घाटी में स्थिर पाया। हादसे की सूचना मिलते ही सोमवार को पुलिस और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। मोहखेड़ थाना क्षेत्र की उमरानाला चौकी पुलिस ने तीन बड़ी क्रेनों और स्थानीय लोगों की मदद से एक कठिन रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। घंटों की मशक्कत के बाद मलबे में दबे घायल ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाला गया और ट्रक को ऊपर खींचा गया। ड्राइवर के पैर में गंभीर चोटें आई थीं, जिसके चलते उसे तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के बाद उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई और उसे छुट्टी दे दी गई। चौकी प्रभारी पारस आर्मी के मुताबिक, यह हादसा रविवार सुबह करीब 7 बजे हुआ था। एक ही मालिक के दो ट्रक चांद क्षेत्र से मक्का लोड करके बोरगांव जा रहे थे। दोनों गाड़ियां आगे–पीछे चल रही थीं।

## ट्रंप ने भारत के साथ विस्तारित सैन्य सहयोग के लिए एनडीएए पर हस्ताक्षर किए



वॉशिंगटन ,अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वित्त वर्ष 2026 के लिए नेशनल डिफेंस ऑथराइजेशन एक्ट (एनडीएए) पर हस्ताक्षर किए। यह एक बड़ा रक्षा कानून है, जिसमें वॉशिंगटन की इंडो–पैसिफिक पॉलिसी के हिस्से के तौर पर भारत के साथ अमेरिकी सैन्य सहयोग बढ़ाने और क्वाड के जरिए संबंधों को गहरा करने की बात कही गई है। यह कानून राष्ट्रीय सुरक्षा पर खर्च के लिए 890 बिलियन डॉलर की मंजूरी देता है। यह अमेरिका को भारत के साथ सहयोग बढ़ाने का निर्देश देता है, जिसमें क्वाड सुरक्षा संवाद के जरिए एक स्वतंत्र और खुले इंडो–पैसिफिक क्षेत्र को बढ़ावा देना शामिल है। ट्रंप ने इस कानून पर हस्ताक्षर करते हुए कहा कि इससे उनके युद्ध विभाग को ताकत के जरिए शांति की नीति पर काम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह कानून देश को बाहरी और अंदरूनी खतरों से सुरक्षित रखेगा और रक्षा से जुड़े उद्योगों को और मजबूत बनाएगा। इसके साथ ही, यह कानून उनकी सरकार द्वारा पहले लिए गए कई बड़े फैसलों को अब स्थायी कानूनी रूप दे देगा। इस कानून में भारत के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सैन्य सहयोग बढ़ाने, मिलिट्री अभ्यासों में ज्यादा भागीदारी, रक्षा व्यापार बढ़ाने और मानवीय सहायता और आपदा राहत पर ज्यादा करीबी सहयोग की बात कही गई है। इसमें समुद्री सुरक्षा को भी अमेरिका–भारत सहयोग के लिए एक खास क्षेत्र के तौर पर पहचाना गया है।

स्टेट डिपार्टमेंट को कानून बनने के 180 दिनों के अंदर कांग्रेस को रिपोर्ट देनी होगी और उसके बाद 5 साल तक हर साल रिपोर्ट देनी होगी। इस कानून के तहत, अमेरिका इस रिपोर्ट में दो मुख्य बातों की जांच करेगा। भारत और रूस के बीच बढ़ते सैन्य सहयोग और रिश्तों की स्थिति। साथ ही, रूस की सेना की गतिविधियां हिंद–प्रशांत और दुनिया के अन्य क्षेत्रों पर क्या असर डाल रही हैं। इसके अलावा, एनडीएए स्टेट डिपार्टमेंट के अंदर हिंद महासागर क्षेत्र के लिए एक एम्बेसडर–एट–लार्ज की स्थापना को मंजूरी देता है।

## माघ मेले में पहली बार स्कैन टू फिक्स तकनीकी का होगा इस्तेमाल



प्रयागराज ,प्रयागराज के संगम किनारे 3 जनवरी से आयोजित होने वाले आस्था के जन समागम माघ मेले में सभी विभाग अपनी तैयारियां पूरी करने में युद्ध स्तर पर लगे हुए हैं। बिजली विभाग 800 हेक्टेयर में फैले इस माघ मेले में निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने की अपनी तैयारी में लगा है। इसके लिए इस बार विभाग ने कई नव्य प्रयोग किए हैं। त्रिवेणी के तट पर 44 दिनों तक लगातार चलने वाले माघ मेले में संगम की रेत पर तंबुओं का एक अस्थाई शहर बसाने की तैयारी है। तंबुओं के इस शहर का कोना–कोना रोशन रखने के लिए बिजली विभाग ने अपनी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता (माघ मेला) अशोक कुमार शर्मा बताते हैं कि माघ मेले में इस बार 350 किमी लंबी एलटी की लाइन बिछनी थी, जिसमें 320 किमी बिछ चुकी है। मेले में 7.5 लाख विद्युत कनेक्शन देने के साथ 24&7 बिजली मिलती रहे, इसके लिए नए प्रयास किए गए हैं। माघ मेले में विद्युत आपूर्ति से जुड़ी हर समस्या के त्वरित समाधान के लिए पहली बार स्कैन टू फिक्स तकनीकी का इस्तेमाल किया जा रहा है। मेले से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि स्कैन टू फिक्स तकनीकी के अंतर्गत विद्युत विभाग ने माघ मेले में पहली बार हाईटेक 'बारकोड सिस्टमझ् लागू किया है, जिससे बिजली से जुड़ी हर समस्या का तुरंत समाधान किया जा सकेगा।

अधिशाषी अभियंता (माघ मेला) अशोक कुमार शर्मा का कहना है कि मेला क्षेत्र में लगाए गए हर खंभे, लाइन और कनेक्शन पर विशेष बारकोड लगाए जाएंगे, जिन्हें स्कैन करते ही बिजली कर्मचारी सीधे कंट्रोल रूम से समस्या की जानकारी हासिल कर लेंगे और रिकॉर्ड समय में समाधान करेंगे। इसका एक पक्ष यह भी है कि श्रद्धालु अपनी लोकेशन पहचान सकेंगे और रास्ता भटकने की स्थिति में परिवार या गंतव्य तक आसानी से पहुंच पाएंगे। मेले की अन्य व्यवस्थाओं के लिए भी यह व्यवस्था कारगर होगी। क्यूआर कोड स्कैन कर गूगल फॉर्म भरने से मिली जानकारी से बिजली संबंधी शिकायतों के साथ–साथ पानी की कमी या टूटी सड़कों जैसी समस्याएं भी दर्ज करा सकेंगे। मेला क्षेत्र में 15 हजार से अधिक ऐसे बार कोड लगाए गए हैं। बिजली गुल होने से बचने के लिए 5 रिंग मेन यूनिट लगाई जा रही हैं जो पिछले मेले में 1 थी, इससे 10 सेकंड में गुलबत्ती आ जाएगी।

### कर्नाटक कांग्रेस में सियासी हलचल : सीएम बदलने की चर्चा तेज

नई दिल्ली , कर्नाटक में नेतृत्व और सत्ता बंटवारे को लेकर चल रही अटकलों के बीच मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के करीबी कांग्रेस विधायकों की एक डिनर मीटिंग ने राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है। बुधवार रात बेलगावी में आयोजित इस डिनर में 30 से अधिक कांग्रेस विधायक शामिल हुए। पार्टी सूत्रों के अनुसार, शहर के एक होटल में वरिष्ठ मंत्री सतीश जारकीहोली द्वारा आयोजित इस डिनर में बड़ी संख्या में विधायक पहुंचे। कुछ नेताओं ने इसे विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान हुई एक सामान्य सामाजिक मुलाकात बताया, जबकि कुछ का कहना है कि इसमें राजनीतिक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। डिनर को लेकर सतीश जारकीहोली ने कहा कि इसमें कुछ भी असामान्य नही था। उन्होंने स्पष्ट किया, "एक जैसी सोच रखने वाले लोगों को डिनर देना आम बात है। ऐसी मीटिंग्स पहले भी होती रही हैं। इसमें कोई खास राजनीतिक एजेंडा नही था।" इस बैठक में मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के बेटे और एमएलसी यतींद्र सिद्दरमैया, पूर्व मंत्री और विधायक के. एन. राजन्ना सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। हालांकि, मुख्यमंत्री सिद्दरमैया स्वयं इसमें शामिल नही हुए।

## बैंक धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपी को गोवा से गिरफ्तार किया



नई दिल्ली , केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एक पुराने बैंक धोखाधड़ी मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। एजेंसी ने पुणे की कंपनी मेसर्स हाउस ऑफ लैपटॉप्स (आई) प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक आशुतोष पंडित को गिरफ्तार किया है, जो 17 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी था और लंबे समय से फरार चल रहा था। आरोपी अपनी पहचान बदलकर यतिन शर्मा नाम से गोवा में छिपकर रह रहा था। यह मामला 2013 का है, जो इंडियन ओवरसीज बैंक की पुणे शाखा से जुड़ा है। शुरू में यह केस मुंबई की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग (ईओडब्ल्यू) में दर्ज हुआ था, लेकिन बाद में इसे सीबीआई की पुणे इकाई को ट्रांसफर कर दिया गया, जहां मुकदमा चल रहा है। जांच के दौरान 2013 में ही चार्जशीट दाखिल की गई थी, लेकिन आरोपी का पता नहीं चल रहा था। लगातार प्रयासों के बावजूद वह फरार रहा। अप्रैल 2018 में सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद उसे अपराधी घोषित कर दिया गया। सीबीआई की टीम ने एनएटीजीआरआईडी पोर्टल से मिली महत्वपूर्ण जानकारी के आधार पर आरोपी का पता लगाया।

## सम्पादकीय

# जनस्वास्थ्य का लक्ष्य

उन्नत विज्ञान के क्षेत्र में तरक्की के बावजूद अभी भी कुछ बीमारियां ऐसी है जो कई दशकों से चली आ रही है और इनमें पूर्ण तौर पर नियंत्रण किया जाना अभी बाकी है। इनमें तपेदिक, खसरा एवं रूबेला ऐसी बीमारियां हैं जिससे आज भी लाखों की संख्या में लोग प्रभावित हो रहे हैं। केंद्र एवं राज्य सरकार इन बीमारियों को जड़ से मिटाने के लिए विभिन्न योजनाएं चल रही है और इसी के तहत उत्तराखंड सरकार ने भी खसरा एवं रूबेला को अगले वर्ष के अंत तक पूरी तरह से समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी लक्ष्य की दिशा में सरकार में जागरूकता अभियान के साथ–साथ वृहत तौर पर टीकाकरण का लक्ष्य रखा है जो इस बीमारी को समाप्त करेगा। खसरा और रूबेला दोनों ही संक्रमक वायरल बीमारियाँ हैं, जो विशेषकर बच्चों को गंभीर रूप से प्रभावित करती हैं। ये बीमारियाँ निमोनिया, मस्तिष्क ज्वर, अंधत्व और यहाँ तक कि मृत्यु का भी कारण बन सकती हैं। गर्भवती महिलाओं में ये भ्रूण विकृति और गर्भपात जैसी जटिलताओं को जन्म देती हैं। इसलिए इनका उन्मूलन वैश्विक जनस्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उत्तराखंड में इस दिशा में 95 प्रतिशत या उससे अधिक टीकाकरण कवरेज का लक्ष्य रखा गया है, जिससे सामुदायिक प्रतिरक्षा विकसित की जा सके। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग युद्ध स्तर पर रणनीति तैयार कर रहा है जिसे जुलाई से पूरे राज्य में प्रभावित किया जाएगा। जुलाई 2025 से पूरे प्रदेश में विशेष एम.आर. टीकाकरण सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। जिन स्थानों पर किसी कारणवश कोई टीकाकरण सत्र आयोजित नहीं हो पाया उनकी समीक्षा की जाएगी समीक्षा की जाएगी। खसरा और रूबेला आज भी नवजात शिशुओं को संक्रमित कर रहे हैं और कई लोगों में तो इसका असर कई वर्षों बाद नजर आता है। सामाजिक सुरक्षा के लिए यह जरूरी हो गया है कि इस बीमारी को जड़ से मिटाने के लिए ठोस अभियान जन सहभागिता से चलाए जाने चाहिए। दशकों से चली आ रही बीमारियों को समाप्त करने की दिशा में यह एक अच्छा कदम है ठीक वैसे ही जैसे की तपेदिक को लेकर सरकार के प्रयास अब नजर आने लगे हैं और टीबी के मरीजों में उल्लेखनीय तौर पर कमी आई है। रूबेला और खसरा भी ऐसी ही बीमारियों की श्रेणी में है जो वर्षों से चली आ रही है और अब समय आ गया है कि इस बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए युद्ध स्तर पर अभियान शुरू करना चाहिए। सरकार की पहल सराहनीय है और निश्चित तौर पर दृढ़ इच्छा शक्ति से शुरू किए गए टारगेट को जन सहयोग से समाप्त किया जा सकेगा।

# भारत के टेक्सटाइल की नई ग्लोबल पोज़िशनिंग

**गिरिराज सिंह**

जब हम भारत के टेक्सटाइल सेक्टर की बात करते हैं, तो हम केवल फैक्ट्री, मशीनों और फैशन की नहीं, बल्कि उन करोड़ों भारतीयों की बात करते हैं, जिनकी ज़िंदगी कॉटन के खेतों, हैंडलूम, पावरलूम और सिलाई मशीनों से जुड़ी है।

पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जिस व्यापक सोच, दृढ़ संकल्प और निर्णायक नीतिगत सुधार को इस क्षेत्र ने देखा है, उससे आज टेक्सटाइल सेक्टर एक नए आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। आज जब हम टेक्सटाइल सेक्टर में लागू हालिया सुधारों के प्रभाव की बात करते हैं, तो यह केवल बदलाव नहीं, बल्कि किसानों, उद्यमियों, महिलाओं, बुनकरों, तकनीशियनों और युवाओं की नई संभावनाओं की कहानी है जिसका उद्देश्य भारत को वैश्विक टेक्सटाइल शक्ति बनाना है। यह लेख सिफ़ योजनाओं की सूची नहीं, बल्कि उस परिवर्तन की झलक है जिसे हम सब ने मिलकर आकार दिया है।

**किसान–केंद्रित बदलाव : कॉटन की रिकॉर्ड प्रोक्योरमेंट और रूस्क्क में ऐतिहासिक वृद्धि**

टेक्सटाइल क्षेत्र की जड़ें खेत में हैं और किसान इस यात्रा की पहली कड़ी हैं। इसलिए हमारी प्राथमिकता हमेशा यह रही कि कॉटन किसान को बाजार के उतार–चढ़ाव, दामों की अनिश्चितता और बिचौलियों की दबाव–प्रणाली से मुक्त किया जाए। यही कारण है कि 2004 से 2014 के बीच जहाँ सरकारी एजेंसियों द्वारा कुल 173 लाख कॉटन बेल्स की खरीद हुई, वहीं 2014 से 2024 के बीच यह बढ़कर 473 लाख कॉटन बेल्स पर पहुँची। यह लगभग 173त्न की वृद्धि है, जो दर्शाती है कि सरकार ने किसान को सिफ़ मौसमी प्राथमिकता नहीं दी, बल्कि उसे स्थायी सुरक्षा दी।

इसी तरह एमएसपी में सुधार भी किसानों को स्थिरता देने वाला बड़ा कदम रहा है। 2013–14 में कॉटन का एमएसपी 3,700 रुपये प्रति क्विंटल था, जबकि 2025–26 में इसे बढ़ाकर 7,710 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। यह 108त्न की वृद्धि है, जो किसान की आय, सुरक्षा और आत्मविश्वास को मजबूत करती है। जब हम कहते हैं कि किसान हमेशा सुरक्षित है, तो यह सिफ़ बात भर नहीं, बल्कि इन वास्तविक आँकड़ों पर आधारित सच्चाई है कि सरकार पहले से अधिक मात्रा में कॉटन खरीद रही है और किसानों के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित कर रही है।

**मिशन फॉर कॉटन प्रोडक्टिविटीः क्वालिटी, प्रोडक्टिविटी और न्यू ऐज फाइबर**

सिफ़ ज़्यादा प्रोडक्शन ही काफ़ी नहीं, बेहतर क्वालिटी भी उतनी ही ज़रूरी है। इसी सोच के साथ ?2,500 करोड़ का मिशन फॉर कॉटन प्रोडक्टिविटी शुरू किया गया, जिसका लक्ष्य केवल प्रोडक्शन बढ़ाना नहीं, बल्कि कॉटन की गुणवत्ता को विश्व–स्तर तक पहुँचाना है। इस मिशन के तहत बेहतर बीज, वैज्ञानिक खेती, फार्म मैनेजमेंट और गुणवत्ता नियंत्रण की प्रक्रियाएँ मजबूत की जा रही हैं। इसके साथ ही किसान को न्यू–एज फाइबर की तरफ प्रेरित करने का प्रयास भी किया जा रहा है ताकि भारत ग्लोबल वैल्यू–चेन में हाई क्वालिटी कॉटन और मिक्स्ड फाइबर के प्रमुख सप्लायर के रूप में उभरे।

जब हम भविष्य की बात करते हैं, तो पुनः स्पष्ट करना आवश्यक है कि टेक्सटाइल की अगली वृद्धि ट्रेडिशनल फाइबर पर ही आधारित नहीं होगी। इसी दिशा में सरकार ने फ्लैक्स, रैमी, सिसल और मिल्कवीड जैसे न्यू ऐज फाइबर को प्राथमिकता में रखा है। यह फाइबर किसानों के लिए कम लागत के साथ अधिक आय देने वाले अनुकूल विकल्प हैं और इनसे पूरी वैल्यू–चेन में नई प्रोसेसिंग, नए उद्योग और बड़े पैमाने पर नए रोज़गार पैदा होंगे। मिल्कवीड जैसे पौधे अब न्यू–एज टेक्सटाइल फाइबर के रूप में उभर रहे हैं और निकट भविष्य में ये किसानों के लिए अतिरिक्त आय का निश्चित ही महत्वपूर्ण स्रोत बनेंगे।

**कॉटन पर इम्पोर्ट ड्यूटी में राहत से उद्योग को स्थिरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा**



कॉटन पर इम्पोर्ट ड्यूटी हटाने का फैसला उद्योग के लिए तुरंत राहत देने वाला कदम साबित हुआ है। पहले यह राहत 30 सितंबर तक ही दी गई थी, लेकिन इसके सकारात्मक परिणामों को देखते हुए इसे 31 दिसंबर तक बढ़ाया गया है। इस कदम से मिल्स को इंटरनेशनल कम्पेटिटिव दामों पर कॉटन मिलने लगा, जिसकी वजह से यार्न और फैब्रिक की प्रोडक्शन कॉस्ट कम हुई जो सीधे तौर पर हमारे टेक्सटाइल एक्सपोर्ट्स को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूत बनाने वाली साबित होगी।

स्रूश्वद्य के लिए यह कदम विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इम्पोर्ट ड्यूटी में राहत मिलने से अब उन्हें स्थिरता, बेहतर प्लानिंग और कॉस्ट मैनेजमेंट का अवसर मिलेगा। साथ ही, डोमेस्टिक मार्केट में भी रॉ कॉटन की आपूर्ति होगी, जिससे हैंडलूम, पावरलूम, डिजाइनर सेगमेंट, और फैब्रिक आधारित स्टार्टअप तक सभी को हाई क्वालिटी फाइबर उचित मूल्य पर उपलब्ध हो पाएगा। यह निर्णय भारत को एक स्थिर और प्रतिस्पर्धी मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**पीएलआई से टेक्सटाइल सेक्टर की औद्योगिक प्रगति**

पीएलआई योजना ने टेक्सटाइल सेक्टर को नई ऊर्जा दी है जिसने इस क्षेत्र में अभूतपूर्व उत्साह और निवेश के अनुकूल वातावरण तैयार किया है। उद्योग की मांग को देखते हुए आवेदन पोर्टल को 31 दिसंबर 2025 तक पुनः खोला गया है जिसमें अब तक 27 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं। इससे नई फैक्ट्रियाँ, नई टेक्नोलॉजी, और हज़ारों नए रोजगार सृजित किए जाएंगे और 2030 तक टेक्सटाइल सेक्टर के 12 बिलियन डॉलर एक्सपोर्ट लक्ष्य को हासिल करने में बड़ी मदद मिलेगी।अब तक 74 स्वीकृत कंपनियों में से 42 कंपनियों का टेक्निकल टेक्सटाइल में होना इस बात का संकेत है कि भारत इनोवेशन से भरे इस सेक्टर में गंभीर रूप से निवेश कर रहा है। फलस्वरूप टेक्निकल टेक्सटाइल्स का एक्सपोर्ट भी पिछले वर्ष की तुलना में 12.4 प्रतिशत बढ़कर 3.2झ्र3.4 बिलियन डॉलर तक पहुँचा। सबसे रोचक तथ्य यह है कि शीर्ष 10 कंपनियों द्वारा किया गया वास्तविक निवेश 4,584 करोड़ रुपये रहा, जो कि उनकी कमिटेड राशि से करीब 500 करोड़ रुपये से भी अधिक है।

इसका सबसे प्रेरक उदाहरण बेबी डायपर्स और सैनिटेरी नैप्किंस का है। एक समय था जब भारत इन प्रोडक्टस के लिए बड़े पैमाने पर विदेशी उत्पादों पर निर्भर था, लेकिन आज पीएलआई के बाद हम इस सेक्टर में इम्पोर्ट डिपेंडेंसी से मुक्त होकर नेट एक्सपोर्टर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

**एमईजी और विस्कोस पर क्यूसीओ हटाने से एमएमएफ वैल्यू–चेन को राहत**

हाल ही में एमईजी और विस्कोस पर क्यूसीओ हटाने का निर्णय लिया गया जो इंडस्ट्री की वास्तविक जरूरतों और ग्लोबल सप्लाई चेन की परिस्थितियों को समझते हुए लिया गया है। क्यूसीओ हटने के बाद अब एमएमएफ वैल्यू–चेन को वैश्विक स्तर के रॉ मटेरियल कम्पेटिटिव दरों पर मिलेंगे, जिससे प्रोडक्शन प्लानिंग और लागत दोनों में सुधार होगा।

डाउन–स्ट्रीम सेक्टर जिसमें विशेषकर गारमेंटिग सेक्टर को तुरंत राहत मिलेगी। आज इस क्षेत्र में लगभग 1.4 करोड़ नौकरियाँ हैं और हमारा लक्ष्य 2030 तक इसमें 1 करोड़ नई नौकरियों के अवसर तैयार करना है।

**नेक्स्ट जेन जीएसटी : इनवर्टेड ड्यूटी की समस्या से राहत**

टेक्सटाइल इंडस्ट्री की इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर के सुधार को लेकर एक पुरानी डिमांड थी जिससे वर्किंग कैपिटल ब्लॉक हो जाता था। पर अब नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म से इस समस्या को दूर किया गया है।इसके साथ ही रेडीमेड गार्मेंट्स के लिए बड़ा कदम उठाते हुए ?2,500 तक के अपेरल पर जीएसटी 5त्न किया गया है। जिससे मिडिल क्लास, युवा व विद्यार्थियों के लिए कपड़े अब और अधिक किफायती होंगे। साथ ही टियर 2–3 शहरों और गांवों में भी इसकी डिमांड भी बढ़ेगी।

**लेबर रिफॉर्म से टेक्सटाइल वर्कर्स को सुरक्षा और सम्मान**

टेक्सटाइल क्षेत्र में बड़ी संख्या में माइग्रेन्ट, महिला और कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स काम करते हैं। हाल के लेबर रिफॉर्म इन्हें वास्तविक अधिकार, सुरक्षा और स्थिरता देने के लिए बनाए गए हैं। सभी अब समान वेतन, समान कल्याण योजनाओं और सुविधाओं के हकदार होंगे। ये सुधार टेक्सटाइल वर्कफोर्स को एक सम्मानजनक और सुरक्षित वातावरण देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।

**पीएम मित्रा पार्क : इंटीग्रेटेड वैल्यू–चेन और 21 लाख रोजगार**

पीएम मित्रा योजना भारत के टेक्सटाइल सेक्टर के लिए गेम–चेंजर साबित हो रही है। यह पार्क सिर्फ इंडस्ट्रियल क्लस्टर नहीं, मैं इन्हें हमारे टेक्सटाइल सेक्टर के 7 ऊर्जा–केंद्र मानता हूँ। सातों राज्यों में भूमि आवंटन के साथ काम सुचारु रूप से प्रगतिशील है। अभी तक देशभर से लगभग 33,000 करोड़ रुपये की इनवेस्टमेंट आकर्षित किया है। साथ ही इन पार्कों से करीब 21 लाख रोजगार सृजित होंगे।

**एफटीए और नए वैश्विक बाज़ार**

जून 2024 में वस्त्र मंत्रालय संभालते वक्त यह साफ़ था कि भारत कुछ चुनिंदा ट्रेडिशनल मार्केट्स पर ही निर्भर है। इसलिए मैंने टीम को निर्देश दिया कि दुनिया के नए इमर्जिंग मार्केट्स को पहचानें, उनके डिमांड ट्रेंड्स और पर–कैपिटा इंकम का अध्ययन करें। इसके बाद 40 ऐसे नए बाज़ार पहचाने गए जहाँ भारत की मौजूदगी बहुत कम थी, लेकिन संभावना बहुत ज्यादा है।

इसी सोच के साथ आज भारत 27 देशों के साथ एफटीए के जरिए नए बाज़ारों में मज़बूती से प्रवेश कर चुका है। हाल में यूके के साथ हुआ सीईटीए समझौता इसका बड़ा उदाहरण है। इसका असर तुरंत दिखा और अप्रैल 2024 से 2025 के बीच यूके को हमारे एक्सपोर्ट में 15 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज हुई। इसी तरह भारत–ईएफटीए एग्रीमेंट हमारे लिए लगभग 14 बिलियन डॉलर के प्रीमियम मार्केट का द्वार खोलता है।

सिफ़ एक साल में भारत के टेक्सटाइल एक्सपोर्ट 111 देशों में बढ़े, जिसमें 38 देशों में 50त्न से ज़्यादा और 16 देशों में 25झ्र50त्न की वृद्धि दर्ज की गई। सबसे प्रेरक कहानी अर्जेंटीना की रही जो कभी भारत के लिए एक चैलेंजिंग मार्केट था, आज वहीं हमारे एक्सपोर्ट में 73त्न की रिकॉर्ड वृद्धि हुई है।

# भारत को ज्यादा महत्त्वपूर्ण नहीं मानता अमेरिका

ट्रंप प्रशासन की नई सुरक्षा रणनीति में चीन का मुकाबला करने लिए अमेरिका को तैयार करने पर खासा जोर दिया गया है। मगर ऐसा लगता है कि इस मकसद को हासिल करने में अमेरिका अब भारत को ज्यादा महत्त्वपूर्ण नहीं मानता।

चर्चा तो काफी समय से थी, लेकिन अब इसकी औपचारिक घोषणा हो गई है। डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने अपनी नई राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति जारी की है, जिसमें पहली प्राथमिकता पश्चिमी गोलार्द्ध में अमेरिकी प्रभाव को सुरक्षित करने को दी गई है। हालांकि चीन का आर्थिक एवं रणनीतिक रूप से मुकाबला करना अभी अमेरिका की प्रमुख नीति रहेगी, मगर पश्चिमी



गोलार्द्ध यानी लैटिन अमेरिका और कैरीबियन द्वीप– समूह में अमेरिकी वर्चस्व को पुनर्स्थापित करना ट्रंप प्रशासन की पहली प्राथमिकता होगी।

> **ट्रंप के पहले कार्यकाल में 2017 में जारी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में भारत को अमेरिका की इंडो–पैसिफिक रणनीति में प्रमुख स्थान दिया गया था। कहा गया था: हम भारत के एक अग्रणी वैश्विक शक्ति और मज़बूत रणनीतिक एवं रक्षा साझेदार के रूप में उभरने का स्वागत करते हैं। इसके विपरीत ताजा दस्तावेज में केवल यह कहा गया है कि अमेरिका को भारत के साथ वाणिज्यिक (एवं अन्य) संबंधों में सुधार जारी रखना चाहिए, ताकि वह इंडो–पैसिफिक सुरक्षा में योगदान दे सके। पूरे दस्तावेज़ में क्वाड का केवल एक बार संक्षिप्त उल्लेख हुआ है। जबकि इस समूह के साथ जुड़ाव को अमेरिकी रणनीति में भारत के बढ़े महत्त्व के साथ जोड़कर देखा जाता था।**

जाहिर है, इस लक्ष्य के अनुरूप अमेरिका ने अपनी फौरी और दीर्घकालिक रणनीतियों में बदलाव का इरादा जताया है। इससे सबसे बुरी तरह प्रभावित यूरोप और भारत होंगे।

ट्रंप के पहले कार्यकाल में 2017 में जारी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में भारत को अमेरिका की इंडो–पैसिफिक रणनीति में प्रमुख स्थान दिया गया था। कहा गया थाः हम भारत के एक अग्रणी वैश्विक शक्ति और मज़बूत रणनीतिक एवं रक्षा साझेदार के रूप में उभरने का स्वागत करते हैं। इसके विपरीत ताजा दस्तावेज में केवल यह कहा गया है कि अमेरिका को भारत के साथ वाणिज्यिक (एवं अन्य) संबंधों में सुधार जारी रखना चाहिए, ताकि वह इंडो–पैसिफिक सुरक्षा में योगदान दे सके। पूरे दस्तावेज़ में क्वाड का केवल एक बार संक्षिप्त उल्लेख हुआ है। जबकि इस समूह के साथ जुड़ाव को अमेरिकी रणनीति में भारत के बढ़े महत्त्व के साथ जोड़कर देखा जाता था।

2017 की रणनीति के उलट नए दस्तावेज़ में पाकिस्तान पर कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है। दस्तावेज में चीन के बरक्स अमेरिका की बढ़ती गई कमजोरियों का उल्लेख है और उसका मुकाबला करने लिए अमेरिका को तैयार करने पर खासा जोर दिया गया है। मगर ऐसा लगता है कि इस मकसद को हासिल करने में अमेरिका अब भारत को ज्यादा महत्त्वपूर्ण नहीं मानता। उधर अमेरिका की नई रणनीति में यूरोप का महत्त्व भी घटा है। इसके मुताबिक रूस के साथ रणनीतिक स्थिरता को फिर स्थापित करना अमेरिका का मूलभूत हित है। यूक्रेन युद्ध पर यूरोपीय नेताओं के रुख की इसमें तीखी आलोचना की गई है।

# बॉक्स ऑफिसः धुरंधर ने तोड़ा आमिर खान का 6 साल पुराना रिकॉर्ड, ये फिल्में भी ढेर

अभिनेता रणवीर सिंह की हालिया रिलीज फिल्म धुरंधर दिसंबर, 2025 में एक जश्न के तौर पर देखी जा रही है। फिल्म इस कदर बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाएगी, यह शायद रणवीर ने खुद भी सोचा नहीं होगा। कारोबारी दिनों पर ताबड़तोड़ कमाई करते हुए धुरंधर ने आमिर खान का 6 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है। 5 दिसंबर को रिलीज इस फिल्म की रफ्तार बिल्कुल भी फीकी नहीं पड़ी है।

सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, धुरंधर ने रिलीज के 12वें दिन 30 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इस तरह मंगलवार की आधी रात तक फिल्म का कुल कलेक्शन 411.25 करोड़ रुपये हो गया। इसके साथ ही, धुरंधर एकमात्र हिंदी फिल्म बन गई है जिसने दूसरे हफ्ते में 400 रुपये का आंकड़ा पार कर लिया



है। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन करने वाली धुरंधर 7वीं बॉलीवुड फिल्म बन गई है।

घरेलु बॉक्स ऑफिस पर धुरंधर ने आमिर की दंगल (387 करोड़) को पीछे छोड़ दिया। इसके अलावा, रजनीकांत की 2.0 (407 करोड़) और प्रभास की सालार (406 करोड़) भी पीछे रह गई है। दुनियाभर में, धुरंधर ने 550 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है और 23वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है।

## एवेंजर्स डूम्सडे का टीजर रिलीज से पहले हुआ लीक

मार्वल की पॉपुलर फ्रैंचाइजी की अगली किस्त एवेंजर्स डूम्सडे का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। निर्माताओं ने फिल्म के टीजर रिलीज के लिए शानदार योजना बनाई थी, लेकिन दुर्भाग्य से उस पर पानी फिर गया। दरअसल, 19 दिसंबर को रिलीज हो रही अवतारः फायर एंड एश के साथ में, एवेंजर्स डूम्सडे का टीजर आना था। इससे पहले ही टीजर के 4 में से 3 क्लिप ऑनलाइन सोशल मीडिया पर लीक हो गए हैं। के मुताबिक, निर्माता एवेंजर्स डूम्सडे के 4 टीजर को 19 दिसंबर से एक हफ्ते तक सिनेमाघरों में दिखाने वाले थे। रिकॉर्ड किए गए इन 4 टीजरों में से 3 सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। लीक हुए क्लिप ने मार्वल प्रशंसकों को सोशल मीडिया पर दीवाना बना दिया है। बताया जाता है कि स्टूडियो ने कथित तौर पर एंटी–पायरेसी चेतावनी के साथ आए क्लिप को हटाने की कोशिश की,

# एशेज सीरीज 2025—26, एडिलेड टेस्टः ऑस्ट्रेलिया ने बनाई मैच पर पकड़, ऐसा रहा तीसरा दिन

नईदिल्ली,एशेज सीरीज 2025–26 के तहत एडिलेड में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन मेजबान ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। कंगारू टीम ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में 4 विकेट खोकर 271 रन बना लिए थे। उसकी कुल बढ़त 356 रन की हो गई है। ट्रेविस हेड (142) और एलेक्स केरी (52) क्रीज पर बने हुए हैं। आइए तीसरे दिन के खेल पर नजर डालते हैं।

ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज हेड ने दूसरी पारी में बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए शतकीय पारी खेली। यह उनके टेस्ट करियर का 11वां और इंग्लिश टीम के खिलाफ चौथा ही शतक रहा। उन्होंने उस्मान ख्वाजा (40) के साथ तीसरे



विकेट के लिए 86 रन और केरी के साथ 5वें विकेट के लिए नाबाद शतकीय साझेदारी निभाई। वह अपनी पारी में अब 185 गेंदों का सामना करते हुए 11 चौके और 2 छक्के जड़ चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज केरी ने भी शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। यह उनके टेस्ट करियर का 13वां और इंग्लिश टीम के खिलाफ चौथा अर्धशतक रहा। वह पारी में अब 91 गेंदों का सामना करते हुए 4 चौकों की मदद से 52 रन बना चुके हैं। उनके और हेड के बीच अब तक 122 रन की साझेदारी हो चुकी है। बता दें कि केरी ने पहली पारी में भी बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 106 रन की शतकीय पारी खेली थी।

इंग्लैंड के लिए उसकी पहली पारी में कप्तान बेन स्टोक्स ने कप्तानी पारी खेलते हुए अर्धशतक (83) जड़ा। यह उनके टेस्ट करियर का 37वां और कंगारू टीम के खिलाफ 10वां अर्धशतक रहा। वह 198 गेंदों का सामना करते हुए 8 चौकों की मदद से 83 रन बनाकर आउट हुए। उनके अब टेस्ट क्रिकेट में 118 मैचों की 211 पारियों में 35.60 की औसत से 7,192 रन हो गए हैं। इसमें उनके नाम 14 शतक और 37 अर्धशतक शामिल हैं।

# अभिनेत्री श्रीलीला ने एआई के दुरुपयोग पर जताई नाराजगी

सोशल मीडिया पर एआई का चलन काफी तेजी से बढ़ रहा है। एक तरफ यह तकनीक जीवन को आसान बना रही है, तो दूसरी ओर इसके गलत इस्तेमाल से कई लोगों की छवि को भी नुकसान पहुंचाया गया है। इसकी चपेट में मनोरंजन जगत के सितारे भी पीछे नहीं हैं। डीप फेक कंटेंट से परेशान कई सेलेब्स ने इसको लेकर आवाजें भी उठाई हैं।

इसी कड़ी में साउथ सिनेमा की अभिनेत्री श्रीलाला ने नाराजगी जताते हुए इंस्टाग्राम पर एक नोट शेयर किया। इसमें उन्होंने सभी से निवेदन किया कि बढ़ते एआई फेक वीडियो या किसी भी प्रकार के कंटेंट का समर्थन न करें। उन्होंने लिखा, मैं हाथ जोड़कर सभी से निवेदन करती हूं कि कृपया एआई द्वारा बनाई गई गलत और



फेक चीजों का समर्थन न करें। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल और उसका दुरुपयोग करने में जमीन–आसमान का फर्क है। मेरी नजर में टेक्नोलॉजी का उद्देश्य जिंदगी को आसान बनाना है, न कि उसे और भी ज्यादा मुश्किल करना। उन्होंने आगे लिखा कि दुनिया की हर लड़की किसी की बेटी, बहन, पोती या दोस्त होती है, भले ही वह फिल्म इंडस्ट्री में काम क्यों न कर रही हो। हम सब एक ऐसे माहौल में काम करना चाहते हैं, जहां पर खुशी फैले और हर कोई सुरक्षित महसूस करे। श्रीलीला ने खुलासा किया कि व्यस्त शेड्यूल की वजह से उन्हें सोशल मीडिया पर चल रही बातों की जानकारी देर से प्राप्त हुई। इसी के साथ अभिनेत्री ने अपने फैंस और शुभचिंतकों का शुक्रिया अदा किया, जिन्होंने उन्हें अलर्ट किया।

# खेल जगत में शोक की लहर, पूर्व लीजेंड एनएएससीएआर ड्राइवर ग्रेग बिफल की प्लेन क्रैश में मौत

नईदिल्ली,अमेरिका में एक बड़ा हादसा उस समय हुए जब नॉर्थ कैरोलिना में रीजनल एयरपोर्ट के करीब एक प्लेन क्रैश हो गया. इस दुर्घटना में अमेरिका के रेसिंग लीजेंड एनएएससीएआर ड्राइवर ग्रेग बिफल की मौत हो गई. इस भयानक हादसे में कुल सात लोगों की मौत हो गई, जिनमें रिटायर्ड एनएएससीएआर (नेशनल एसोसिएशन फॉर स्टॉक कार ऑटो रेसिंग) ड्राइवर ग्रेग बिफल, उनकी पत्नी और दो बच्चे शामिल हैं.

इस हादसे ने खेल जगत समेत पूरे अमेरिका को हिला कर रख दिया. बताया जा रहा है कि ग्रेग बिफल का प्राइवेट



कमर्शियल जेट टेकऑफ के तुरंत बाद एयरपोर्ट लौटते समय क्रैश हो गया और उसमें आग लग गई.

55 साल के ग्रेग बिफल, उनकी पत्नी क्रिस्टीना, उनके 5 साल के बेटे राइडर और 14 साल की बेटी एम्मा की भी इस क्रैश में मौत हो गई. प्लेन में डेनिस डटन, उनके बेटे जैक और बिफल के करीबी दोस्त क्रेग वाड्सवर्थ भी थे. परिवार द्वारा जारी एक भावुक संयुक्त बयान में कहा गया है कि वे सभी उनके बहुत करीब थे और उनकी गैरमौजूदगी ने उनके जीवन में एक ऐसा खालीपन छोड़ दिया है जो कभी नहीं भरेगा.शुरुआती जांच में पता चला है कि खराब मौसम हादसे का एक बड़ा कारण था. मौसम रिपोर्ट के अनुसार, हादसे के समय प्लेन के आसपास बादल छाए हुए थे और हल्की बारिश हो रही थी. कम विजिबिलिटी के कारण पायलट को लैंडिंग में दिक्कत हुई होगी. एयरपोर्ट के पास गोल्फ खेल रहे लोगों ने बताया कि प्लेन बहुत नीचे उड़ रहा था और अचानक उसमें आग लग गई. मलबे के कारण एयरपोर्ट को अनिश्चित काल के लिए बंद कर दिया गया है.

ग्रेग बिफल का रेसिंग करियर काफी शानदार रहा है. उन्होंने एनएएससीएआर के तीन प्रमुख इवेंट में 50 से ज्यादा रेसें जीतीं हैं, जिसमें 19 कप सीरीज की जीत शामिल हैं. वह 2000 में ट्रक्स सीरीज चैंपियन और 2002 में एक्सफिनिटी सीरीज चैंपियन थे.

